राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
(Email- secraj@rajasthan.gov.in एवंPh. 0141-2227280, 2227072, 2227407)

क्रमांक : एफ. 7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2024/ 9867 दिनांक : 03.10.26

समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलक्टर) (पंचायत) राजस्थान।

विषयः– पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2026 – नाम निर्देशन की समय–सारणी में संशोधन के संबंध में।

संदर्भः– प्रेस नोट दिनांक 03.10.2026 के संबंध में

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस नोट दिनांक 03.10.2026 के साथ संलग्न चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार समस्त जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन हेतु लोक सूचना दिनांक 08.10.2026 को जारी की जानी है।

उक्त में संशोधन करते हुए निर्देश प्रदान किये जाते है कि जिन 17 जिला परिषदों यथा अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, डूंगरपुर, जयपुर, जैसलमेर, झालावाड़, जोधपुर, फलौदी, कोटा, नागौर, पाली, राजसमन्द, सिरोही एवं उदयपुर, के आम चुनाव की प्रक्रिया प्रथम चरण में प्रारम्भ हो रही है, उन जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद सदस्यों हेतु लोक सूचना पूर्वानुसार दिनांक 08.10.2026 को जारी की जानी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया हेतु समय–सारणी निम्नानुसार हैः–

प्रथम चरण में नाम निर्देशन हेतु समय सारणी		
1	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	08.10.2026 (गुरूवार)
2	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	13.10.2026 (मंगलवार) अपराह्न 3:00 बजे तक **(सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)**
3	नाम निर्देशन पत्रों को प्रस्तुत करने का समय	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
4	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय	14.10.2026 (बुधवार) प्रातः 11:00 बजे से
5	नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं समय	15.10.2026 (गुरूवार) अपराह्न 3:00 बजे तक
6	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	15.10.2026 (गुरूवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्

इसी प्रकार जिन 07 जिला परिषदों यथा बांसवाड़ा, दौसा, कोटपूतली–बहरोड़, जालौर, झुझुनू, करौली एवं सीकर, के आम चुनाव की प्रक्रिया द्वितीय चरण से प्रारम्भ हो रही है, उन जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जिला परिषद सदस्यों हेतु लोक सूचना दिनांक 13.10.2026 को जारी की जानी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया हेतु समय–सारणी निम्नानुसार है:–

द्वितीय चरण में नाम निर्देशन हेतु समय सारणी		
1	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	13.10.2026 (मंगलवार)
2	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	16.10.2026 (शुक्रवार) अपराह्न 3:00 बजे तक **(सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)**
3	नाम निर्देशन पत्रों को प्रस्तुत करने का समय	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
4	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय	17.10.2026 (शनिवार) प्रातः 11:00 बजे से
5	नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं समय	19.10.2026 (सोमवार) अपरान्ह 3:00 बजे तक
6	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	19.10.2026 (सोमवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्

इसी प्रकार जिन 16 जिला परिषदों यथा ब्यावर, खैरथल–तिजारा, बारां, बालोतरा, भरतपुर, डीग, बूंदी, चित्तौडगढ़, चूरू, धौलपुर, हनुमानगढ़, डीडवाना–कुचामन, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, श्रीगंगानगर एवं टोंक के आम चुनाव की प्रक्रिया तृतीय चरण से प्रारम्भ हो रही है, उन जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जिला परिषद सदस्यों हेतु लोक सूचना दिनांक 19.10.2026 को जारी की जानी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया हेतु समय–सारणी निम्नानुसार है:–

तृतीय चरण में नाम निर्देशन हेतु समय सारणी		
1	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	19.10.2026 (सोमवार)
2	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	23.10.2026 (शुक्रवार) अपराह्न 3:00 बजे तक **(सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)**
3	नाम निर्देशन पत्रों को प्रस्तुत करने का समय	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
4	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय	24.10.2026 (शनिवार) प्रातः 11:00 बजे से
5	नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं समय	26.10.2026 (सोमवार) अपरान्ह 3:00 बजे तक

6	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	26.10.2026 (सोमवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्

इसी प्रकार एकमात्र जिला परिषद सलूम्बर के आम चुनाव की प्रक्रिया चतुर्थ चरण से प्रारम्भ हो रही है। उक्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला परिषद सदस्यों हेतु लोक सूचना दिनांक 31.10.2026 को जारी की जानी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया हेतु समय–सारणी निम्नानुसार है:–

चतुर्थ चरण में नाम निर्देशन हेतु समय सारणी		
1	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	31.10.2026 (शनिवार)
2	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	04.11.2026 (बुधवार) अपराह्न 3:00 बजे तक **(सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)**
3	नाम निर्देशन पत्रों को प्रस्तुत करने का समय	पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
4	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय	05.11.2026 (गुरूवार) प्रातः 11:00 बजे से
5	नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं समय	06.11.2026 (शुक्रवार) अपरान्ह 3:00 बजे तक
6	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	06.11.2026 (शुक्रवार) नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात्

साथ ही जिला परिषद बारां, श्रीगंगानगर, करौली एवं कोटा जिला परिषद के प्रमुख/उपप्रमुख तथा इनमें सम्मिलित पंचायत समितियों के प्रधान एवं उपप्रधान का पंचवर्षीय कार्यकाल दिसम्बर, 2026 में पूर्ण होगा। अतः उक्त पदों के आम चुनावों की तिथियों का निर्धारण पृथक से किया जायेगा। किन्तु इन चारों जिला परिषद के सदस्यों एवं इन जिला परिषदों में सम्मिलित पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव दिनांक 03.10.2026 को जारी प्रेस नोट द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपादित करवाये जायेंगे।

उक्तानुसार कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

31/X/26

(राजेश वर्मा)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
एवं सचिव

क्रमांक : एफ. 7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2024/9868-76 दिनांक : 03.10.2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. अति. निजी सचिव, राज्य निर्वाचन आयुक्त, राजस्थान।
2. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
3. शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायतीराज विभाग, राजस्थान सरकार।
4. निजी सहायक, सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान।
5. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
6. समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) (कलक्टर)।
7. समस्त रिटर्निंग अधिकारी मार्फत जिला निर्वाचन अधिकारी(पंचायत) (कलक्टर)।
8. आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राज. जयपुर।
9. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर को ईमेल करने एवं आयोग की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।

उप सचिव